देश में सबसे तेजी से बढ़ रही यूपी की अर्थव्यवस्था : योगी

उपलब्धि

9.8 प्रतिशत है यूपी की वर्तमान में विकास दर देश की है 7.2 फीसद

25 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है यूपी की इस वर्ष जीडीपी

लखनऊ के पास बनेगा फार्मा रिसर्च इंस्टीट्यूट

सीएम योगी ने निर्देश दिए हैं कि फार्मा इंडस्ट्री को प्रोत्साहन के लिए लखनऊ के पास 'फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इंस्टीट्यूट' बनाया जाए। यह संस्थान मूलत: शोध और नवाचार पर केंद्रित होगा व संबधित अन्य संस्थानों व इंडस्ट्री के बीच सेतु का काम करेगा।

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते साढ़े छह वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। यूपी आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय वृद्धि दर 7.2% रही, जबकि प्रदेश में 9.8% की विकास दर दर्ज की गई।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब तक के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। उन्होंने कहा, 2021-22 में प्रदेश की जीडीपी 16.45 लाख करोड़ रुपये थी जो 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2% का योगदान कर रहा है। वर्तमान स्थिति में 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने के अनुमान हैं। वर्ष 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी विभागों को अपने प्रयास तेज करने होंगे। अपने कार्यों की और बेहतर प्लानिंग करनी होंगी। हमारी नीयत साफ है, लक्ष्य स्पष्ट है। सभी को मिलकर सही नीति और नियोजित क्रियान्वयन के लिए प्रयास करना होगा। निर्देश दिए कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद निवेशकों से संपर्क-संवाद का क्रम जारी रखना चाहिए।

➤बेरोजगारी दर सिर्फ 2.4% P02